रविवार
29 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



एक ऐसा गांव जहां बेटियां भी धारण करती हैं जनेउ 3



# भारतीय वायुसेना के दो विमान आपस में टकराए, एक पायलट शहीद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान शनिवार की सुबह मध्य प्रदेश के मुरैना के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इनमें एक विमान सुखोई-30 है, जबकि दूसरा विमान मिराज-2000 है। इस मामले में भारतीय वायु सेना की तरफ से बयान सामने आया है। हादसे में शामिल तीन पायलटों में से एक पायलट शहीद हो गया। वहीं, दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दरअसल, मुरैना के पास पहाड़गढ़ विकासखंड में जंगल के ऊपर हवा में दोनों विमान टकरा गए थे और उनमें आग लग गई। राहत व बचाव का काम जारी है. विमानों में मौजूद पायलटों को अस्पताल ले जाया गया। इस हादसे में विमान को उड़ा रहे एक पायलट शहीद हो गए, जबकि दो पायलटों को सुरक्षित बचाया गया है।

मामले में वायुसेना का कहना है कि कोर्ट ऑफ इंक्वायरी से साफ हो पाएगा कि दुर्घटना कैसे हुई। हालांकि, ये अब लगभग साफ हो गया है कि मुरैना के आसमान में ही दोनों लड़ाकू विमान आपस में टकराए यानि मिड-एयर कोलिजन का शिकार हुए। मुरैना के एसपी आशुतोष बागरी ने बताया कि सुबह 2 विमान मिराज और सुखोई ग्वालियर से उड़े थे, एक विमान में दो पायलट और दूसरे में एक पायलट था। हादसे में अब तक एक पायलट की मौत हो गई है और दो का इलाज जारी है।

ग्वालियर बेस से इन विमानों को प्रशिक्षण के लिए उड़ाया गया था। दोनों ही विमान रुटीन उड़ान पर थे। फिलहाल एक्सपर्ट्स की तरफ से कहा जा रहा है कि तकनीकी खामी और पायलटों में अनुभव की कमी के कारण यह हादसा हुआ है। कुछ चश्मदीदों के मुताबिक आसमान में आग लगते हुए तेज स्पीड से दोनों विमान जमीन की ओर आते देखे गए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अभ्यास के बाद प्लेन अपनी पूरी स्पीड में होते हैं। ऐसे में संभावना होती है कि विंग्स के टकराने से भी बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि स्पीड पर काबू करना मुश्किल हो जाता है।



- सुखोई-30 और मिराज-2000 एक दूसरे से टकराकर हुए दुर्घटनाग्रस्त
- मुरैना के पास पहाड़गढ़ में दोनों विमान टकरा गए इससे उनमें आग लग गई
- दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं

## पैराशूट के कारण बची दो पायलट की जान

हादसे में शामिल सुखोई-30 विमान में 2 पायलट सवार थे, जिन्होंने समय रहते पैराशूट की इस्तेमाल कर जेट से छलांग लगा दी। यही वजह है कि दोनों की जान बच सकी। हादसे में शामिल दूसरे विमान मिराज 2000 के पायलट को गंभीर चोटें आई। पहले ही डॉक्टर उनका इलाज कर पाते वे शहीद हो गए। हादसा लगभग सुबह करीब 9:55 बजे हुआ था। हादसे के बाद से ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार मामले की सभी जानकारी ले रहे थे। सीएम शिवराज ने भी ट्वीट कर हर संभव मदद की बात कही है।

राजस्थान में भरतपुर के डीएसपी अजय शर्मा ने बताया कि उन्हें सुबह 10 से सवा 10 बजे के करीब प्लेन क्रैश होने की सूचना मिली थी। मौके पर आने पर पता चला कि यह एयर फोर्स का फाइटर जेट है।

# अपनी कुर्सी बरकरार रखना चाहते हैं सीएम नीतीशः चिराग

**केटी न्यूज/पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कई आरोप लगाए। कहा कि सीएम सिर्फ अपनी कुर्सी बरकरार रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक अपने किसी भी विभाग का रिपोर्ट कार्ड जारी नहीं किया है। चिराग पासवान ने कहा कि सरकार बदलती गई लेकिन नीतीश कुमार ने अपनी उपलब्धि जनता से साझा नहीं की। मुख्यमंत्री अपनी सिर्फ 5 उपलब्धि बताएं। इस दौरान चिराग पासवान ने विद्युत विभाग का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। चिराग पासवान ने दावा किया कि बिहार सरकार बिजली के दरों में 40% बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है जिससे राजस्व में लाभ हो या न हो लेकिन जनता जरूर परेशान होगी।

## बिहार में महंगी बिजली

चिराग ने कहा, जिस अधिकतम दर से दूसरे राज्य बिजली खरीदना बंद करते हैं हमलोग वहां से खरीदना शुरू करते हैं। अन्य राज्यों की तुलना में हमारी बिजली दरें काफी महंगी हैं। चिराग ने कहा कि बिहार में आ रहे पैसे किसके चुनाव प्रचार में आ रहे हैं, इसका जवाब नीतीश कुमार दें। आरोप लगाया कि कोर्ट में लड़ाई लड़कर नीतीश कुमार सरकार बिहार में बिजली की दरों को बढ़ाने में जुटी है। चिराग पासवान ने कहा कि हमने 18 जनवरी को इस मुद्दे को उठाया है। हम जनता के बीच जा कर उनकी समस्याओं को उठाकर रखेंगे।

## खबरें फटाफट

### दिल्ली का मुगल गार्डन अब अमृत उद्यान हुआ

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम शनिवार को बदल दिया गया है। अब इसकी पहचान अमृत उद्यान के नाम से होगी। इसे हर साल वसंत के मौसम में आम जनता के लिए खोला जाता है। राष्ट्रपति 29 जनवरी को उद्यान उत्सव की शुरूआत करेंगी। आम जनता के लिए अमृत उद्यान 31 जनवरी को खोला जाएगा और 26 मार्च तक लोग यहां घूम सकेंगे। हर साल की तरह इस बार भी 5 से 6 लाख लोगों के आने के उम्मीद है। जनता के लिए पहली बार इसे देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने खुलवाया था। यहां ब्रिटिश और मुगल दोनों के गार्डन की झलक मिलती है।

### अस्पताल में आग लगने से छह लोगों की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद के प्रसिद्ध डा. सीसी हाजरा अस्पताल में शनिवार की देर रात आग लगने से हाजरा परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में डा. विकास हाजरा, उनकी पत्नी डा. प्रेमा हाजरा, भगना सोहेल कंगारू, खाना बनाने वाली तारा एवं डा. विकास के दो अतिथि शामिल हैं। सभी की मौत आग से जलकर नहीं, बल्कि जहरीली धुएं से दम घुटने के कारण हुई है। डा. हाजरा के दो पालतू कुत्ते की भी दम घुटने से मौत हुई है। डा. विकास हाजरा अस्पताल के संस्थापक डा. सीसी हाजरा के पुत्र एवं डा. प्रेमा हजारा उनकी पुत्रवधू थीं। अस्पताल से सभी मरीजों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खगड़िया जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, बोले**

# जीविका दीदी आगे बढ़ेंगी तो समाज और विकसित होगा

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समाधान यात्रा के क्रम में खगड़िया जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिले के अलौली प्रखंड के रौन में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का भवन काफी अच्छा बना है। इसे मेंटेन रखें। परिसर में पौधारोपण कराएं। जल निकासी भी ठीक रखें और जहां पर जरूरत हो वहां पर पेवर ब्लॉक भी लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह में जीविका दीदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आगे इनकी संख्या और हम बढ़ाना चाह रहे हैं। उनकी आमदनी को भी बढ़ाना चाह रहे हैं। जीविका दीदी आगे बढ़ेंगी तो समाज और विकसित होगा । ये लोग पढ़ने-पढ़ाने में भी सहयोग करेंगी । आपस में प्रेम-भाईचारे का भाव रखेंगी इसलिए हम एक-एक चीजों को देख रहे हैं कि सभी लोग काम करें। जीविका दीदियां अच्छा कर रही हैं।

इंजीनियरिंग कॉलेज के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दो-तीन जगहों पर जमीन मिलने में देरी होने के कारण वहां अभी तक इंजीनियरिंग कॉलेज बन रहा है, जबकि बाकी जगहों पर यह बनकर तैयार हो गया है। जहां-जहां इंजीनियरिंग कॉलेज बनकर तैयार हो जाता है वहां पर उसे देखने के लिए हमलोग जाते हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज काफी अच्छा बना है।

बिहार के सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज खुलवा रहे हैं। खगड़िया में हमलोग आते-जाते रहे हैं। बाढ़ की स्थिति में हमलोग वर्ष 2007-08 से ही एक-एक जगहों पर घूमकर जायजा लेते हैं। पहले सड़कों की स्थिति कैसी थी ? सभी जगहों पर सड़कों का चौड़ीकरण कराया गया ताकि आवागमन में किसी को कोई दिक्कत नहीं हो। वर्ष 2020 से पहले तक हम विभिन्न जिलों में घूमते रहे हैं। कोरोना का दौर शुरू होने के बाद इसमें थोड़ी दिक्कत आयी। इस बार हमने सोचा कि बिहार के सभी जिलों में जाकर देख लें कि कहां पर क्या और कैसा विकास कार्य चल रहा है तब जाकर मेरे मन को संतोष होगा। इसी को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। स्व. रामविलास पासवान जी के घर तक जाने को लेकर रास्ते का इंतजाम भी हमलोगों ने करवाया। अभी कोई कुछ भी बोले लेकिन आपलोग विधायक डॉ. संजीव कुमार से पूछ लीजिए कि स्व. रामविलास पासवान जी के घर तक जाने के लिए हमलोगों ने कितनी सड़कें बनवायी हैं।



- समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- स्व. रामविलास पासवान जी के घर तक जाने को लेकर रास्ते का इंतजाम हमने कराया

## मुख्यमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री अलौली प्रखंड की ग्राम पंचायत अंबा-ईचरुआ के कामाथान गांव पहुंचे तथा ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने जीविका हाट में जीविका महिला कृषि उत्पादक कंपनी लिमिटेड के विभिन्न क्रिया-कलापों एवं उपलब्धियों के संबंध में जीविका दीदियों से जानकारी ली। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल-जीवन-हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार ने भी मुख्यमंत्री को जीविका दीदियों द्वारा जैविक खाद एवं कीटनाशक उत्पाद, मशरूम उत्पादन, सत्तू, बेसन, चूड़ा आदि उत्पाद से उन्हें हो रहे फायदे के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत बेकरी उत्पाद, बकरी पालन, गौ-पालन आदि कार्य कर रहीं जीविका दीदियों ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत ढाई लाख रुपये की मदद मिली, जिससे मशीन खरीदकर हमने अपना रोजगार शुरू किया। साथ ही हमलोग 10. से 12 जीविका दीदियों को रोजगार भी दे रहे हैं। हम सभी बहुत खुश हैं और परिवार का अच्छे से भरण-पोषण कर रहे हैं।

# बिहार में शराबबंदी हट जाए तो इससे पर्यटन में 10 गुना बढ़ोतरी हो जाएगी : जीतन मांझी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी कई मौके पर शराबबंदी कानून को वापस लेने की मांग कर चुके हैं। अब एक बार फिर से गया में भगवान बुद्ध की तपोभूमि बोधगया के कालचक्र मैदान में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के सामने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने खुले मंच से फिर बिहार में शराबबंदी समाप्त करने की मांग उठाई है। जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव से कहा कि मुख्यमंत्री से वह इस संबंध में बात करें। इस संबंध में वह भी पीछे से इसमें बात करेंगे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव के उद्घाटन के दौरान हम के सरंक्षक ने कहा कि शराबबंदी हटने से पर्यटन में 10 गुना बढ़ोतरी होगी। बोधगया अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल कहने से नहीं, बल्कि विदेशी मेहमानों को खाने-पीने के चीजों को प्रबंध करने से अंतरराष्ट्रीय स्थल कहलाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-विदेश से आ रहे पर्यटक यहां रुक ही नहीं रहे हैं, यहां थोड़ी देर घूमकर सीधे बनारस और पड़ोसी राज्य झारखंड के हजारीबाग जा रहे हैं, जिससे राजस्व नुकसान हो रहा है। जब बाहर के पर्यटक रुकेंगे ही नहीं तो विदेशी मुद्रा से राजस्व कैसे बढ़ेगा?

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा मिशन भाजपा को भगाना है। उन्होंने उपेंद्र कुशवाहा द्वारा बीते दिनों जदयू और राजद के बीच हुई डील से जुड़े बयान पर कहा कि डील क्या होती है। डील तो बस एक ही है हम लोगों की। बस इस प्रदेश से भाजपा को भगाओ सांप्रदायिक शक्तियों को भगाओ। उन्होंने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा जी को यदि कोई दिक्कत है तो उन्हें अपने नेतृत्व से बात करनी चाहिए। अभी हाल में वे जदयू में आए हैं। नीतीश कुमार ने उन्हें हमेशा सम्मान दिया है। हमारे साथ भी थे तो उन्हें सम्मान दिया गया था। किसी बात की कोई डील नहीं है।




**राजस्थान के जालौर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आए उप्र के सीएम ने दिया बड़ा बयान**

# योगी आदित्यनाथ बोले... हमारा सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म

**एजेंसी/लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान के जालौर में बड़ा बयान दिया है। नीलकंठ महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आए योगी ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में जिस प्रकार जाति, मजहब और धर्म के भेदभाव को छोड़कर आपकी एकता देखने को मिल रही है, इसे सबको दैनिक जीवन में स्वीकार करना होगा। हमारा सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है। हम सब अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर इस राष्ट्रीय धर्म के साथ जुड़ते हैं, ताकि हमारा देश सुरक्षित हो, हमारे मानबिंदुओं की पुर्नस्थापना हो और गो-ब्राह्मण की रक्षा हो। सीएम योगी के बयान के एक दिन बाद कांग्रेस ने उन पर पलटवार किया है। कांग्रेस नेता उदित राज का कहना है कि इसका मतलब यह हुआ कि सिख, जैन, बौद्ध, निरंकार, ईसाई और इस्लाम समेत सभी अन्य धर्म खत्म हो गए हैं।



## अपवित्र किए गए धर्मस्थलों की पुर्नस्थापना का अभियान चले

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर किसी काल खंड में हमारे धर्मस्थलों को अपवित्र किया गया है तो उनकी पुर्नस्थापना का अभियान चले। इस अभियान का क्रम अयोध्या में पांच सौ वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य के रूप में दिख रहा है। आज भारत की भावनाओं के अनुरूप भारत का राष्ट्रीय मंदिर भगवान राम के भव्य मंदिर के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि 14 सौ वर्ष पुराना नागभट्ट द्वारा स्थापित भगवान नीलकंठ का यह पवित्र स्थल हम सबको अभिभूत करता है।

## एक वर्ष में तैयार हो जाएगा भगवान राम का भव्य मंदिर

योगी ने कहा कि मुझे अभी महाकवि नागभट्ट की प्रतिमा पर माल्यार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मुझे प्रसन्नता है कि पिछले 15 वर्षों से राव मुक्त सिंह ने जिस संकल्प को लिया था, आज वह भव्य मंदिर के रूप पूरा हुआ। इस भव्य मंदिर में राजस्थान वासियों समेत पूरे देश के श्रद्धालुओं को भगवान नीलकंठ के इस पवित्र शिवालय के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। वहीं अगले एक वर्ष में भगवान राम का भव्य मंदिर तैयार हो जाएगा। उससे पहले मुझे राजस्थान के इस भव्य मंदिर के पुर्नोद्धार का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अब इस मंदिर की भव्यता को बनाए रखने की जिम्मेदारी आप सबकी है।

## खबरें फटाफट

### गानों पर पिस्तौल लहराते युवकों ने बनायी रिल्स

**आरा।** भोजपुर में युवाओं के बीच हथियार लहराने का खतरनाक शौक पनप रहा है। शादी-विवाह में हर्ष फायरिंग और तमंचे पर डिस्को के बाद अब पिस्तौल के साथ रिल्स बनाने का ट्रेंड भी शुरू हो गया है। इसी तरह का एक सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें कम उम्र के चार-पांच लड़कों को पिस्तौल लहराते रिल्स बनाते देखा जा रहा है। लड़के गांव से दूर बागीचे में बिना किसी डर के हथियार के साथ फिल्मी गानों की धुन पर रिल्स बना रहे हैं। वायरल वीडियो बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर क्षेत्र के बागीचे का बताया जा रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वीडियो कब का है? इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश का कहना है कि वीडियो मिला है। उसकी सत्यता की जांच की जा रही है। युवकों की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सिद्धनाथ बाबा में जल्द शुरू होगी रोपवे की सुविधा

**जहानाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में बराबर रोपवे कार्य निर्माण की समीक्षा के लिए व्यवहार न्यायालय जहानाबाद में आयोजित डीएलएमसी की बैठक हुई। इसमें बराबर पर्यटन स्थल पर रोपवे निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई। बराबर पर्यटन की तरफ से उपस्थित जीएम प्रोजेक्ट दामोदर रोपवे इनफस्ट्रक्चर लिमिटेड के बृजभूषण सिन्हा ने बताया कि रोपवे का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। दो वर्षों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। बाबा सिद्ध नाथ के दर्शन के लिए पहाड़ी की तलहटी से मात्र लगभग 8 मिनट में पातलगंगा या गावघाट से समय लगेगा तथा जहानाबाद में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# ध्यान दें... पूरक पोषाहार का लाभ लेने के लिए पोषण ट्रैकर एप पर कराएं पंजीकरण

- पोषण ट्रैकर एप में पंजीकरण एवं आधार सत्यापन के लिए बाल विकास परियोजना कार्यालय से करें संपर्क
- 16 जनवरी से 15 फरवरी तक बाल विकास परियोजना कार्यालय में लग रहा शिविर
- शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक वांछित लाभार्थियों को उपलब्ध सेवाओं का लाभ देना है

**केटी न्यूज/भभुआ**

समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के स्तर से दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता व संचालन को और भी अधिक सुविधाजनक और सहज बनाया जा रहा है। इसके लिये सरकार ने पोषण ट्रैकर एप की शुरूआत की है। एप के माध्यम से जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी और मूल्यांकन में भी आसानी हो रही है। कुपोषण पर लगाम लगाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के स्तर पर लाभार्थियों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराया जाता है। अब सभी लाभार्थियों को पोषण ट्रैकर एप पर अपना पंजीकरण कराना होगा तभी उन्हें पूरक पोषाहार का लाभ मिलेगा।




**पोषण ट्रैकर एप पर पंजीकरण एवं आधार सत्यापन के लिए अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर सकते हैं :** आंगनबाड़ी केंद्रों पर दी जा रही सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन पर लाभार्थियों का पंजीकरण एवं पंजीकृत लाभार्थियों का आधार सत्यापन कराना आवश्यक है। आधार सत्यापन के बाद ही पूरक पोषाहार का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के सभी छूटे हुए लाभार्थी पोषण ट्रैकर एप पर पंजीकरण एवं आधार सत्यापन के लिए अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर सकते हैं।

**बच्चों और गर्भवती महिलाओं का होगा आधार सत्यापन:** अधिक से अधिक लाभार्थी समेकित बाल विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं का लाभ ले सकें इसके लिए जिला के सभी प्रखंडों के बाल विकास परियोजना कार्यालय में 16 जनवरी, 2023 से लेकर 15 फरवरी, 2023 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह 0-6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण ट्रैकर एप पर पंजीकरण एवं आधार सत्यापन के लिए आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक वांछित लाभार्थियों को उपलब्ध सेवाओं का लाभ देना है।

**सभी पोषण गतिविधियों की जानकारी पोषण ट्रैकर एप में अपलोड :** पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की प्रक्रिया को मजबूती मिल रही है। एप के द्वारा सेविकाएं क्षेत्र में उपस्थित नवजात शिशुओं, गर्भवती-धात्री महिलाओं, उनके पोषण व स्वास्थ्य की जानकारी, टीएचआर का वितरण, बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग आदि तमाम जानकारी एप पर दर्ज कर रहीं हैं। एप के माध्यम से कुपोषण से संबंधित मामलों को सूचीबद्ध करना आसान हो रहा है। साथ ही, आंगनबाड़ी क्षेत्रों में गर्भवती व धात्री महिलाओं, 0 से 03 वर्ष के बच्चे, 03 से 06 वर्ष के बच्चे, किशोर-किशोरियों के साथ ही आंगनबाड़ी पोषक क्षेत्र के अनाथ बच्चों व उन सभी के स्वास्थ्य की जानकारी सेविकाओं द्वारा अपलोड किया जाता व विभाग द्वारा नियमित उसकी सतत निगरानी की जाती है।

**बड़हरा थाना क्षेत्र का मामला:** विवाहिता के पिता की तहरीर पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

# पैसे के विवाद में पति ने पत्नी को सीढ़ी से दे दिया धक्का, इलाज के दौरान मौत

- शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस
- महिला की मौत से उसके दूधमुहे बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के फुहां गांव में शुक्रवार की रात आपसी झगड़े के दौरान युवक ने अपनी पत्नी को सीढ़ी से धक्का दे दिया। उस दौरान गंभीर चोट लगने से उसकी पत्नी की मौत हो गई। इलाज के दौरान बड़हरा के निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृतका बड़हरा थाना क्षेत्र के फुहां गांव निवासी करीमन महतो की 22 वर्षीया पत्नी संझारो देवी थी। मायके वालों की ओर से मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। इस संबंध में विवाहिता के पिता रामबाबू प्रसाद की तहरीर पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें विवाहिता के पति को आरोपित किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृत विवाहिता के पिता ने बताया कि पैसे के विवाद में उसकी बेटी की हत्या की गयी है। उन्होंने बताया कि दामाद उनकी बेटी से पैसा मांग रहा था। उस पर बेटी ने पूछा कि पैसा क्या करोगे? उसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया है और दोनों में मारपीट होने लगी। इस बात की जानकारी मिलने पर वह उसके ससुराल पहुंचे, तो देखा कि बेटी मृत अवस्था में पर पड़ी है। इधर, महिला के जेठ भीम महतो ने बताया कि गुरुवार की शाम वह खेत पर थे। उसी दौरान सूचना मिली कि दोनों पति-पत्नी आपस में झगड़ा कर रहे हैं। धक्का-मुक्की में वह कुर्सी से गिर पड़ी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उसके बाद वह घर पहुंचे और उसे इलाज के लिए बड़हरा के एक निजी अस्पताल ले गये। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि महिला अपने दो बहन और तीन भाई में सबसे छोटी थी। उसको एक डेढ़ वर्ष का पुत्र अंकुश कुमार है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।



मृतक के परिजनों से पूछताछ करते अधिकारी।

## बीमार से तंग आकर महिला ने दे दी जान, पंखे से लटका मिला शव

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में शुक्रवार की रात एक महिला द्वारा खुदकुशी कर ली गयी। उसका शनिवार की सुबह शव घर में पंखे के कुंडी से लटका मिला है। मृत महिला कल्याणपुर गांव वार्ड नंबर 3 निवासी रवि शंकर सिंह की 22 वर्षीया पत्नी प्रतिमा देवी थी। मायके वालों की ओर से ससुराल वाले प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं ससुराल वालों के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इलाज चल रहा था। उसी कारण उसने फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

मृतका प्रतिमा देवी के पिता लालबाबू सिंह ने बताया कि उसकी तबीयत खराब थी। उसको लेकर इसी माह के 4 तारीख को उसे अपने गांव तरारी थाना क्षेत्र के डिलिया ले गये थे। वहां उसका इलाज करा रहे थे। इस बीच उसके ससुर की ओर से फोन कर उसे वापस ससुराल पहुंचाने के लिए दबाव दिया जाने लगा। उन्होंने इलाज करने के बाद पहुंचाने की बात कही तो वे लोग नाराज हो गये। उसके बाद उनके दामाद ने फोन कर उनसे कहा कि गया कि हर हाल में 25 जनवरी तक उसे भेज दीजिएगा। उसे देखते हुए उन्होंने अपने छोटे बेटे के साथ 25 जनवरी को बेटी को उसके ससुराल भेज दिया। शनिवार की सुबह घटना की सूचना मिल गयी। उन्होंने कहा कि ससुराल वालों द्वारा छोटी-छोटी बातों को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। उस कारण उसने ऐसा कदम उठाया है। बताया जाता है कि मृतका आपने तीन बहन और तीन भाई में सबसे छोटी थी। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### नेशनल हाईवे पर बाइक के बचाने के चक्कर में आमने-सामने भिड़ी दो कार, दो जख्मी



**जहानाबाद।** पटना गया राष्ट्रीय सड़क मार्ग एनएच-83 पर बाइक सवार को बचाने के क्रम में दो कार की सीधी टक्कर हो गयी। इस टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं, कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। घटना मखदुमपुर थाना क्षेत्र के मुस्सी गांव के समीप की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक पर सवार दो लोग गया कि ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में दो कार आपस मे भीड़ गए। इस घटना में बाइक सवार भी उसके चपेट में आ गए। जिससे बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गए। घायल युवक फतेहपुर गांव निवासी संजीत कुमार उर्फ बड़े एवं गया जिले के चिरैली निवासी उमेश यादव बताए जाते हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक कि गंभीर हालात को देखते हुए संजीत उर्फ बड़े को बेहतर इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवको का पेर फ्रैक्चर हो गया है।

### फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला में मुशयारों से बंधा समां

**जहानाबाद।** फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार एवं मुशायरा कार्यक्रम मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, उर्दू निदेशालय के निदेशानुसार जिला स्तर पर फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार एवं मुशायरा का आयोजन अब्दुलबारी नगर भवन (टाऊन हॉल में किया गया। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर फरोग-ए-उर्दू कार्यशाला, सेमिनार एवं मुशायरा का शमां रौशन किया गया। मौके पर सदर एसडीओ मनोज कुमार एवं सदर एसडीपीओ अशोक कुमार पाण्डेय, उर्दू भाषा कोषांग-सह-जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के प्रभारी पदाधिकारी राजीव रंजन एवं अन्य पदाधिकारियों को पौधा, मोमेन्टो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। सेमिनाार एवं मुशायरा में भाग लेने वालों में आलेख पाठक, डॉ. सिम्मी इकबाल, लामया कमाल एवं मो. आबिद हुसैन, डेलीगेट पाठक डॉ. कहकशा बेगम, अल्तमश अफरोज एवं उमैर अहमद तथा छात्र-छात्राओं में अम्बरीना फैज, जीनत प्रवीन, शबाना अंजुम.एवं सोनी प्रवीण शामिल हुए। वहीं, शायरों में डॉ. अनवर हुसैन, मो. शाह उजैर आलम, जमाल काकवी, डॉ. रवि शंकर शर्मा, अब्दुर रहमान, तनवीर आलम ताबिश काकवी, डॉ. शेर अली अक्स, सुधाकर राजेन्द्र, लतीफ शमशी अंजुम काकवी ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं, इस दौरान नेयाज अहमद (इरकी, जहानाबाद) को लाईफ टाईम एचीवमेन्ट आवार्ड 2023 से नवाजा गया।





दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी।

## कुश्ती: अंडर 14 के 40 किग्रा वर्ग में आयुष ने मारी बाजी

- दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन
- कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2022-23 के द्वितीय दिन एरोड्रम स्टेडियम जहानाबाद में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुश्ती प्रतियोगिता आयु वर्ग-14 (बालक वर्ग) में 40 किग्रा केटेगरी में प्रथम स्थान आयुष कुमार, 42 किग्रा केटेगरी में राजीव कुमार को प्रथम स्थान, 50 किग्रा केटेगरी मे वैभव कुमार प्रथम स्थान तथा 75 किग्रा केटेगरी में अलोक कुमार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कुश्ती प्रतियोगिता आयु वर्ग- 17 (बालक वर्ग) में 73 किग्रा केटेगरी में प्रथम स्थान विशाल कुमार, 53 किग्रा केटेगरी में रोहित कुमार को प्रथम स्थान, 61 किग्रा केटेगरी मे ओंकार कुमार प्रथम स्थान, 40 किग्रा में रविकेश कुमार को प्रथम स्थान, 56 किग्रा केटेगरी में अवनीश कुमार को, 73 किग्रा केटेगरी में रोशन कुमार को प्रथम स्थान, 63 किग्रा केटेगरी में सूरज कुमार को प्रथम स्थान तथा 50 किग्रा केटेगरी में सूरज कुमार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

कुश्ती प्रतियोगिता आयु वर्ग-19 (बालक वर्ग) में 57 किग्रा केटेगरी में प्रथम स्थान कौशल कुमार, 57 किग्रा केटेगरी में अक्षय को प्रथम स्थान, 66 किग्रा केटेगरी मे स्वराज कुमार प्रथम स्थान तथा 80 किग्रा केटेगरी में मनोज कुमार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कबड्डी के अंडर 14 (बालक वर्ग) में रतनी फरीदपुर प्रखंड विजेता एवं हुलासगंज प्रखंड उप विजेता है। अंडर 14 (बालिका वर्ग) में मोदनगंज विजेता प्रखंड एवं उप विजेता मखदुमपुर प्रखंड रहा कबड्डी प्रतियोगिता केअंडर 17 (बालक वर्ग) में जहानाबाद प्रखंड विजेता एवं घोसी प्रखंड उप विजेता है।

कबड्डी के अंडर 19 (बालक वर्ग) में हुलासगंज प्रखंड विजेता एवं काको प्रखंड उप विजेता है। खो-खो के अंडर 14 (बालक वर्ग) में मध्य विद्यालय, बौरी, हुलासगंज प्रखंड विजेता एवं मध्य विद्यालय, सवलपुर, मखदुमपुर प्रखंड उप विजेता है। खो-खो के अंडर 14 (बालिका वर्ग) में मध्य विद्यालय, सागरपुर, मखदुमपुर प्रखंड विजेता एवं मानस विद्यालय, बभना, जहानाबाद प्रखंड उप विजेता है।

**रोहतास जिले में 1400 से अधिक टीबी से पीड़ित इलाजरत, नए मरीजों की खोज जारी**

# टीबी को छिपाने के बजाय इलाज कराएं : डॉ राकेश

- टीबी से ग्रसित लोग इस बीमारी को किसी के सामने या इसपर बात करने से कतराते हैं
- टीबी होने के बावजूद भी लोग अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे

**केटी न्यूज/सासाराम**

देश से 2025 तक टीबी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए केन्द्र सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके लिए जागरूकता अभियान के साथ साथ जांच कैम्प लगा कर टीबी से ग्रसित लोगों का पता लगाया जा रहा है। ताकि समय से टीबी की पहचान कर-के उनका इलाज किया जा सके। टीबी होने के बावजूद भी लोग अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिसका मुख्य कारण टीबी बीमारी को लेकर समाज में फैले डर और सामाजिक बहिष्कार माना जा रहा है।

टीबी से संक्रमित मरीज से आज भी कुछ लोग बात करने और उसके नजदीक जाने से कतराते हैं । इस कारण टीबी से ग्रसित लोग इस बीमारी को किसी के सामने या इसपर खुल कर बात करने से कतराते हैं। टीबी बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए जिला स्तर पर भी कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि टीबी को मिटाया जा सके। इधर रोहतास जिले में भी टीबी के बढ़ते मरीज को देखते हुए जिला यक्ष्मा केंद्र लगातार टीबी से पीड़ित मरीजों की खोज करके उनका इलाज कर रही है। इसके लिए विभाग स्वयं जागरूकता कैंप के साथ-साथ जांच कैंप के माध्यम से टीबी से पीड़ित मरीजों को खोजने में लगी हुई है। इसके अलावा विभाग एनजीओ एवं टीबी चैंपियन के माध्यम से भी लोगों में जागरूकता लाकर टीबी मरीज को खोजने में प्रयासरत है। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में वर्तमान में 1434 टीबी संक्रमित मरीज का इलाज जारी है।



**टीबी उन्मूलन को लेकर जागरुकता जरूरी :** टीबी मरीजों की खोज करने के साथ साथ इस बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाने वाली सामाजिक संस्था सुराज के सचिव डॉ. ठाकुर रविन्द्र नाथ ने बताया कि पहले टीबी बीमारी का नाम सुनते ही आसपास के क्षेत्रों में खलबली मच जाती थी। क्योंकि पहले जागरूकता का अभाव था। पहले के लोगों का मानना था कि टीबी के कीड़े हवा में उड़ते है इस वजह से यह बीमारी किसी को भी हो सकती और लोग इससे मर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जागरूकता की वजह से लोगों में सोच बदली है और अब लोग इसे एक बीमारी समझकर इलाज कराने के लिए आगे आ रहे । उन्होंने बताया कि अभी भी टीबी के प्रति मरीजों में जागरूकता का अभाव देखा जा रहा है। वे लोग समाज के डर से टीबी बीमारी को लेकर खुलकर बात नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन को लेकर लोगों को और अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है।

**सरकार दे रही है कई सुविधाएं :** जिला यक्ष्मा केंद्र के प्रभारी व सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि टीबी बीमारी को खत्म करने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही और उस पर रोहतास जिले में भी कार्य किए जा रहे हैं। टीबी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। टीबी पीड़ित पाए जाने पर जिला सदर अस्पताल में मरीजों को जांच के साथ-साथ निःशुल्क दवाएं भी मुहैया कराई जाती हैं।




## खबरें फटाफट

### आरा के सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में छापा

**आरा।** सदर अस्पताल की कैदी वार्ड में रविवार की दोपहर जिला प्रशासन द्वारा छापेमारी की गयी। उस दौरान कुख्यात बंदी नइम मियां के पास से 70 हजार रुपए बरामद किया गया। उस मामले में आरा के धरहरा निवासी कुख्यात नइम मियां के खिलाफ नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। डीएम और एसपी के आदेश पर पुलिस पैसे की बरामदगी की जांच कर रही है। डीएम राजकुमार की ओर से बंदी के पास से पैसे बरामदगी की पुष्टि की गयी है। बता दें कि कुख्यात नइम मियां कोर्ट बम कांड, चर्चित व्यवसायी कृष्णा सिंह हत्याकांड, रेलवे स्टेशन डबल मर्डर सहित अन्य कांडों में आरोपित है। ऐसे में उसके पास से इतनी बड़ी नगदी की बरामदगी से कई तरह की आशंका जताई जा रही है। पुलिस भी रंगदारी सहित अन्य एंगल से तफ्तीश कर रही है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से अधेड़ की गई जान

**बक्सर।** औद्योगिक क्षेत्र थाना के चुरामनपुर और पड़री गांव के बीच अज्ञात वाहन के धक्के से पड़री गांव निवासी शिवमंदिर शर्मा की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोज की तरह शिवमंदिर शर्मा जानवरों के चारा के लिए गोभी का पत्ता बटोर कर चुरामनपुर से शनिवार को सुबह 9 बजे के करीब घर लौट रहे थे। उसी दौरान एनएच 922 पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस को दी गई तो घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक को लेकर सदर अस्पताल पहुंची जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एक ऐसा गांव जहां बेटियां भी धारण करती हैं जनेउ, विधिवत होता है उपनयन संस्कार

**केटी न्यूज/नवानगर**

पौराणिक मान्यताओं में जीवन के 16 संस्कारों में 11 संस्कार उपनयन संस्कार को माना जाता है। अमूमन यह संस्कार पुरूषों के लिए ही होता है। उपनयन संस्कार के बाद बच्चें ज्ञानार्जन प्रारंभ करते है। लेकिन नावानगर प्रखंड के मणियां गांव में यह संस्कार और खास बन जाता है। यहां लड़कों के साथ ही लड़कियों को भी यज्ञोपवित पहनाया जाता है। इसके लिए विधिवत सारस्वत यज्ञ का आयोजन होता है तथा वेदोपदेश के बाद चयनित लड़कियों को पूरे वैदिक विधान से जनेउ पहना पूर्ण मर्यादित, सदाचारी एवं स्वाभिमानी चरित्र निर्माण की प्रेरणा दी जाती है।

इस बार भी वसंत पंचमी के मौके पर स्वच्छता, सादगी एवं आत्म ज्ञान के प्रेरणा



भरे कार्यक्रम में कुल सात कन्याओं व एक लड़के को यज्ञोपवित धारण कराया गया। इस बार जिन कन्याओं में यज्ञोपवित धारण किया है उनमें ज्योति कुमारी, रेखा कुमारी, स्नेहा कुमारी, किरण कुमारी, वंदना कुमारी, सुप्रिया कुमारी व कल्याणी कुमारी शामिल है। इनके साथ बब्लू कुमार को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के प्रतीक यज्ञोपवित धारण कराया गया। मणियां गांव के दयानंद आर्य प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्थित यज्ञशाला में आयोजित यह सारस्वत यज्ञ आचार्य हरिनारायण आर्य एवं सिद्धेश्वर

- मणियां गांव में प्रत्येक वसंत पंचमी को आयोजित होता है सारस्वत यज्ञ
- इस बार सात बेटियों व एक बेटे को वेदोपदेश के साथ पहनाया गया यज्ञोपवित
- शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का प्रतीक है यज्ञोपवित

शर्मा के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर आर्य विद्वत परिषद छपरा के अध्यक्ष नित्यानंद सिंह, सचिव बबन सिंह, अधिवक्ता दीनानाथ सिंह, उपमुखिया जयशंकर, वकील सिंह, कमलेश सिंह, अयोध्या सिंह, मनोज सिंह, हरिनारायण साह, ज्ञानचंद सिंह, संजीव पाल, प्राण कुमार, अखिलेश कुमार, शंकर समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**बेटियों को सादगी, स्वच्छता एवं आत्मज्ञान की दी जाती है प्रेरणाः** कन्याओं को यज्ञोपवित धारण कराने वाले आचार्यो ने बताया कि कन्याओं का यज्ञोपवित वेदानुकूल है। आचार्यो की मानें तो इससे समाज में बेटियों के प्रति बढ़ी उच्छृंखलता, उद्दंडता, अभद्रता तथा अश्लीलता पर लगाम लगेगा। यज्ञोपवित के साथ ही बेटियों को सादगी, स्वच्छता एवं आत्मज्ञान की प्रेरणा दी जाती है। आचार्यो ने कहा कि यह पूरे देश की बेटियों के लिए अनुकरणीय पहल है तथा आज के समाज की जरूरत है।

**संयमित एवं स्वाभिमानी जीवन का सूचक है यज्ञोपवितः** सारस्वत यज्ञ संपन्न कराने वाले आचार्यद्वय ने बताया कि यह यज्ञोपवित संस्कृति नारी सम्मान, वृद्धो का आदर, माता पिता की सेवा तथा स्वयं के जीवन में सद्गुण, संयम एवं स्वाभिमान का संदेश है। यह संकल्पित जीवन का सूचक है।

**विद्यालय संस्थापक ने अपनी बेटियों को धारण कराया था यज्ञोपवितः** इस परंपरा की शुरूआत दयानंद आर्य प्लस टू उच्च विद्यालय मणियां के संस्थापक आचार्य विश्वनाथ सिंह ने की थी। वे अपनी चार कन्याओं कुमारी मंजू, कुमारी उषा, कुमारी गीता तथा कुमारी मीरा को सारस्वत यज्ञ के बाद यज्ञोपवित धारण करवा इस परंपरा की शुरूआत किए थे। जो इस गांव की परंपरा बन गई है। प्रत्येक साल वसंत पंचमी पर उत्सव के रूप में कन्याओं का यज्ञोपवित संस्कार किया जाता है। आचार्यो की मानें तो यह परंपरा भटकी महिलाओं तथा भटके समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है तथा महिला सशक्तिकरण को वास्तविक गति प्रदान करने वाला है।

**डुमरांव में गड़बड़झाला : वरिष्ठ राजद नेता ने धान क्रय समितियां की कार्यशैली पर उठाए सवाल**

# आरोप: 2040 की बजाय 1800 में हो रही धान की खरीदी, ज्वाइंट रजिस्ट्रार ने की जांच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

सचिव सहकारिता विभाग पटना के निर्देश पर शनिवार को ज्वाइंट रजिस्ट्रार मनोज कुमार सिंह ने किसानों से हो रहे धान क्रय में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच की। शनिवार की दोपहर स्थानीय व्यापार मंडल पहुंचे ज्वाइंट रजिस्टार किसानों से किए गए धान खरीद के सभी बिंदुओं की गहराई से पड़ताल की। समितियों द्वारा किए गए धान अधिप्राप्ति के आलोक में स्टॉक रजिस्टर का सत्यापन किया गया। रजिस्टर में दर्ज किसानों के नाम तथा मोबाइल नंबर लेकर उन्होंने आवश्यक पूछताछ के अलावे धान क्रय का मूल्य तथा धान बिक्री के एवज में किए गए राशि भुगतान की जानकारी ली।

इस दौरान धान क्रय समितियों द्वारा वजन पर भी पूछताछ की गई। इस आलोक में वरिष्ठ राजद नेता अखिलेश सिंह यादव द्वारा विभागीय स्तर पर इस बात की शिकायत की गई थी कि पूरे जिले में धान क्रय में किसानों को रेट एवं वेट पर ठगा जा



- अखिलेश सिंह यादव का आरोप, पूरे जिले में धान क्रय में किसानों को रेट एवं वेट पर ठगा जा रहा है

रहा है। उनका कहना है कि धान क्रय एजेंसी सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2040 के बजाए सत्रह - अट्ठारह सौ रुपए प्रति क्विंटल के भाव से किसानों से धान की खरीद कर रहे हैं। प्रति क्विंटल किसानों से चार किलो धान अधिक लिया जा रहा है। अपने लिखित शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि धान क्रय समितियां पूरे जिले में एक सुनियोजित साजिश के तहत कालाबाजारी का गोरखधंधा चला रही हैं। सचिव सहकारिता विभाग पटना ने इस शिकायत के आलोक में ज्वाइंट रजिस्टार मनोज कुमार सिंह को भेज कर विभिन्न धान क्रय एजेंसी का चिन्हित बिंदुओं पर जांच करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी प्रभात कुमार प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ब्रृज बिहारी राम अध्यक्ष व्यापार मंडल डुमराव अशोक कुमार सिंह के अलावे अन्य धान क्रय करने वाले अन्य पैक्स अध्यक्ष उपस्थित थे।

## जिले के सभी पैक्स कार्यालय को मिलेगा कंप्यूटर सुविधा का लाभ

**डुमरांव।** बहुत जल्द जिले के सभी पैक्स कार्यालय कंप्यूटर सुविधा से लैस होंगे। शनिवार को धान क्रय में गड़बड़ी की शिकायत का जांच करने डुमराव पहुंचे ज्वाइन्ट रजिस्ट्रार मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पहले चरण में उन सभी पैक्स कार्यालय को कंप्यूटर सुविधा प्रदान किया जाएगा जिनका कार्यालय ऑडिट हो चुका है।

ऑडिट अपडेट वाले पैक्स कार्यालय को कंप्यूटर सुविधा से लैस करने के लिए 4 लाख रुपया प्रदान किया जाएगा। इस राशि में 60 प्रतिशत भागीदारी केंद्र सरकार की होगी जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा निर्गत किया जाएगा। इसका सीधा लाभ यह होगा कि सभी पैक्स एक सॉफ्टवेयर से जुड़ जाएंगे तथा सहकारिता विभाग द्वारा संचालित सभी गतिविधियों की जानकारी एक साथ सभी पैक्स कार्यालय को मिल जाएगा। इससे धान और गेहूं खरीद के अलावे किसानों के अन्य जरूरत संबंधी शिकायत व जानकारी एक साथ मिल सकेगा। जॉइंट रजिस्ट्रार ने बताया कि जो पैक्स कार्यालय अपना ऑडिट समय से नहीं कराए हैं उनको कंप्यूटर शुद्ध कलाम नसीब नहीं होगा।

> राजद नेता अखिलेश सिंह यादव की शिकायत के आलोक में धान अधिप्राप्ति में रेट एवं वेट मामले की जांच की गई है। विभागीय स्तर पर निर्देशित विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। डुमरांव व्यापार मंडल तथा पैक्स द्वारा की गई धान खरीद में ठोस गड़बड़ी सामने नहीं आई है। कुछ मामलों में आवश्यक सुधार का निर्देश जरूर दिया गया है।
> **मनोज कुमार सिंह**, ज्वाइंट रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग

## एक नजर

### गाजे बाजे के साथ पूजा समिति के सदस्यों ने किया मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन



**बक्सर।** पूजा पंडालों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को किया गया। जिलेभर में शांतिपूर्ण माहौल में मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों ने नम आंखों से मां सरस्वती को अंतिम विदाई दी। इसके पहले प्रतिमा विसर्जन जुलूश में गाजे बाजे व डीजे की धून पर विभिन्न पूजा समिति के सदस्य घंटो थिरकते रहे। प्रतिमा विसर्जन को ले पूरे दिन टैर्जफिक व्यवस्था बाधित होते रही। हालांकि यह विसर्जन प्रशासन की देखरेख में संपन्न हुआ। शांतिपूर्ण प्रतिमा विसर्जन होने से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। भक्तों ने माता को खोइंचा बांध नम आंखों से विदाई की और उनके चरणों मे नतमस्तक होकर विद्या का आशीष मांगा। शनिवार को बक्सर व डुमरांव शहर के कोचिंग संस्थानों, पूजा समितियां के अलावे प्रखंडों में भी विराजमान मां सरस्वती की प्रतिमा को पंडालों में भक्तों में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और विसर्जन जुलूस निकाला। जुलूस में शामिल छात्रों व भक्तों की टोली अबीर-गुलाल उड़ाकर मां का जयकारा लगाया। ढोल-नगाड़े और बैंड-बाजा के साथ विसर्जन जुलूस आगे बढ़ता गया और नजदीक के पोखरे व तालाबों में विसर्जित किया गया। विसर्जन जुलूश में शामिल छात्रों और भक्तों की टोली एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाते हुए प्रसाद बांटने का रस्म पूरा करते रहे। जिन वाहनों पर मां की प्रतिमा को ले जाया जा रहा था उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विसर्जन के दौरान कई जगहों पर एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

### दबंगों ने दलित पशु व्यवसायी को पीटा

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी पशु मेला में दबंगों ने एक दलित पशु व्यवसायी की जमकर पिटाई कर दी है। उसका कसूर बस इतना ही था कि वह उन्हें कुछ रूपए उधार दिया था। मेला में जब वह उनसे अपने पैसे की मांग करने लगा तो इसी से खार खाए आरोपियों ने उसकी पिटाई की है। पीड़ित पशु व्यवसायी गायघाट का रहने वाला बच्चामुनी गोंड है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह अपने गांव के ही गुप्तेश्वर राय को कुछ रूपए उधार दिया था। शुक्रवार को वह मझवारी पशु मेला में पशुओं की खरीद बिक्री करने गया था। इसी दौरान गुप्तेश्वर भी आया था। उसे देख मैने अपने पैसे की मांग की तो वह वहा से चुपचाप निकल गया तथा गांव से उमाशंकर राय तथा ओम पंडित के साथ दुबारा आया और मेरी पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान ही मेरे पॉकेट से 42 हजार रूपए छिनकर भाग गए। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्कूल के गोदाम का ताला तोड़ चावल की चोरी

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय मनहथा में चोरों ने एमडीएम के छह क्विंटल चावल की चोरी कर ली है। चोरी की यह वारदात बीती रात की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्रनाथ पांडेय ने बताया कि चोरों ने गोदाम का ताला तोड़ चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाने से की गई है। वही एमडीएम का खाद्यान्न चोरी होने के बाद स्कूल में मी डडे मील प्रभावित हुआ है। गौरतलब है कि इसके पहले भी कई स्कूलों में चोरी की घटनाएं हुई है। बावूजद शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक व मध्य विद्यालयों मं रात्रि प्रहरी की तैनाती नहीं की जा रही है।

### ओवरलोडिंग पर कार्रवाई, बालू लदे दो ट्रक जब्त

**डुमरांव।** खनन विभाग व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार की सुबह एनएच -120 पर ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया। इस पथ पर टेढ़की पुल के समीप जिला खनन पदाधिकारी पारसनाथ चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में बालू लदे दो ट्रको को पकड़ा गया है। जानकारों का कहना है कि इनके पास वैध चलान नहीं था। ट्रकों को पकड़ने के बाद उसे नया भोजपुर ओपी थाना परिसर में रखा गया है। वही अहले सुबह प्रशासन की इस कार्रवाई से ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया था। कई ट्रक चालक एनएच पर विभिन्न जगहों पर अपनी ट्रक खड़ा कर इधर उधर भाग निकले। इस कार्रवाई के बाद एनएच 120 और एनएच 84 पर देर तक ट्रकों का परिचालन ठप हो गया था।

### आगलगी में हजारों की संपति जली

**सिमरी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सहियार नोनियाडेरा में शुक्रवार की रात एक घर में हुई आगलगी की घटना में हजारों की संपति जल गई है। आगलगी की यह घटना अवधेश चौहान के झोपड़ीनुमा घर में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। मध्यरात्रि में अचानक घर से आग की लपटे उठने लगी। परिवार के लोग किसी तरह जान बचाकर बाहर भागे और हो हल्ला कर ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक आग से पूरी झोपड़ी तथा उसमें रखे सामान जल गए।

## डॉक्टर की कार पर गोली चलाने की सूचना पर हलकान हुई पुलिस

**केटी न्यूज/बक्सर**

टाउन थाना पुलिस को एक होम्योपैथिक चिकित्सक द्वारा देर रात घर में खड़ी कार के ऊपर बदमाश द्वारा गोली चला देने की घटना की जानकारी दी गई। वाकया सुमेश्वर स्थान के पास स्थित बीबीगंज मोहल्ले की है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस हरकत में आ गई और शनिवार को चिकित्सक के आवास पर पहुंच तफ्तीश में जुट गई तो चिकित्सक की आल्टो कार के डिक्की के ऊपरी हिस्से में एक सुराख नजर आया। पुलिस द्वारा बारीकी से छानबीन की गई। पुलिस की माने तो कार में बनी सुराख गोली से नहीं बल्कि लोहे की सरिया से होने की बात बताई गई। चिकित्सक डा दिनेश दूबे मूल रूप से चौसा प्रखंड के न्यायीपुर गांव के रहने वाले है तथा शहर के बीबीगंज मोहल्ले में अपना घर बना रहते है। शुक्रवार की रात जब परिवार के सदस्य सो रहे थे तो आधी रात को आवास के मेन गेट के पास तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुन चिकित्सक द्वारा मेन गेट पर आकर देखा गया तो गेट पर कोई नहीं दिखा। जब कार के डिक्की के ऊपरी हिस्से पर नजर पड़ी तो दरवाजे में सुराख बना हुआ था।

## सफाई के सवाल पर वार्ड पार्षद की ईओ से नोकझोंक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर में नालियों की सफाई सही ढंग से नहीं होने के चलते गंदा पानी ओवरफ्लो कर सड़क पर पसर रहा है। नतीजा लोगों के समक्ष आवागमन की समस्या या फिर उसी गंदे पानी से होकर आने जाने की मजबूरी बन गई है। ताजा मामला नगर परिषद कार्यालय के ठीक सामने स्थित चिकटोली मोहल्ले में जाने वाले मुख्य मार्ग पर जलजमाव होने का है। मुख्य मार्ग पर जल जमाव होने से पूरा मोहल्ला परेशान है।

स्टेशन रोड के नाला एवं शौचालय का गंदा पानी गली में पसर जाने से इस मार्ग से पिछले 3 दिन से



आवागमन अवरुद्ध है। मेन स्टेशन रोड पर आने के लिए लोगों को थोड़ी सी दूरी छोड़ लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। वार्ड संख्या 13 के पार्षद प्रतिनिधि जियाउल हक का कहना है कि मुख्य मार्ग पर व्याप्त जलजमाव नगर परिषद में सफाई के नाम पर व्याप्त भ्रष्टाचार तथा प्रतिमाह हो रहा का भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

> चिकटोली में जलजमाव दूर करने के लिए सफाई जमादार तथा एनजीओ को को निर्देश दिया गया है। नगर परिषद की कोशिश है कि शहर को भरपूर सफाई का लाभ मिले।
> **मनोज कुमार**, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद डुमरांव

कहा कि पिछले तीन दिनों से नाला तथा शौचालय का गंदा पानी गली में पसर जाने के बाद लोगों के समक्ष आवागमन की समस्या बन गई है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने इस मामले पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। दूसरी तरफ नगर परिषद कार्यालय पहुंचे निवर्तमान वार्ड पार्षद अख्तर हुसैन ने भी अपनी नाराजगी कार्यपालक पदाधिकारी से जताई। भ्रष्टाचार के नाम पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार के साथ जमकर तू-तू मैं-मैं हुआ। अख्तर हुसैन ने जोर देते हुए कहा कि जब से नगर परिषद बोर्ड भंग हुआ है तब से नगर परिषद कार्यालय में भ्रष्टाचार तानाशाह तथा सफाई के नाम पर लूट खसोट चरम पर है। कार्यपालक पदाधिकारी शहर का विकास करने के बजाय वार्ड पार्षदों को हराने तथा बदनाम करने का साजिश रचने में व्यस्त हैं। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी की गतिविधियों की जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

**सिमरी प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा, द कैटालिस्ट स्कूल सिमरी के छात्रों ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा**

# नियाजीपुर में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**केटी न्यूज/सिमरी**

प्रखंड क्षेत्र के नियाजीपुर में वीर बालक संघ सरस्वती पूजा समिति बिचला टोला द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। यह प्रतियोगिता हर साल की भांति सरस्वती पूजा के मौके पर की गई थी। जिसमें प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में रामजी पाठक मेमोरियल स्कूल बड़का राजपुर नई बस्ती एवं द कैटालिस्ट स्कूल सिमरी के होनहार छात्रों के बीच अंतिम मुकाबला देखने को मिला। जिसमें रामजी पाठक मेमोरियल स्कूल को चार अंको से पराजित करते हुए द कैटालिस्ट स्कूल सिमरी के छात्रों ने ट्रॉफी पर कब्जा किया।



इस कार्यक्रम की शुरूआत वीर बालक संघ के अध्यक्ष विंध्याचल साह और मानस सम्राट सुरेश पाठक के द्वारा फीता काटकर की गई। यह क्विज प्रतियोगिता तकरीबन पिछले 5 सालों से होते हुए आ रहा है। बतौर मुख्य अतिथि उद्योगपति सह समाजसेवी मिथिलेश पाठक और विशिष्ट अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पाठक रहे। जिनके द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को नकद रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की

- पिछले 5 सालों से होते हुए आ रही है यह क्विज प्रतियोगिता
- विजेता और उपविजेता टीम को नकद रुपए के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई

गई। अपने संबोधन में मिथिलेश पाठक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उसे तराशने की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में छात्रों की प्रतिभा उभरती है।

वही विशिष्ट अतिथि सह प्रमुख प्रतिनिधि ने इस आयोजन के लिए आयोजक मंडल को धन्यवाद दिया तथा कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी संस्कृतिक व एकता मजबूत होगी। मंच संचालन अनिल ठाकुर और पंकज कुमार के द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विजय पाठक (शिक्षक), पिंटू पाठक, बलिराम शाह, गणेश ठाकुर, राजेंद्र यादव रहे। समिति के सचिव भरत साह ने बताया कि मां शारदे की पूजा 1975 से वीर बालक संघ के द्वारा शुरू किया गया था, जो इस वर्ष 49 वां साल में प्रवेश किया है। वही कोषाध्यक्ष शिवजी साहनी ने कहा कि हमारे समिति द्वारा प्रत्येक साल मैट्रिक उतीर्ण करने वाले गांव के छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाता है। इस बार भी यह पुरस्कार दिया गया। व्यवस्थापक के रूप में मोहनी साह, मुन्ना साहनी, जेपी राणा, करण साहनी, सुभाष साहनी, दुगार्नाथ साहनी, राहुल, राजू, विक्की, विशाल, मुकेश, प्रीतम, प्रियांशु, चंदन, राजवीर, सागर, विकास, जैकी, सूरज व अन्य मौजूद रहे।

## छोटी खबरें

### गाजीपुर में 10 लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को फुल्लनपुर गायत्री मन्दिर के पास से एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 100 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक गायत्री मंदिर के पास हेरोइन लेकर कहीं जा रहा है। सूचना पर पुलिस फुल्लनपुर मंदिर के पास पहुंच गई और युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपना नाम नियाजी मुहल्ला व वर्तमान पता फुल्लनपुर गायत्री मंदिर निवासी शुभम चौबे बताया है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब दस लाख रुपये बताई गई है।

### बस के धक्के से दो लोग घायल

**बलिया।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरीपाकड़ गांव के समीप बस के धक्के से बाइक सवार दो अधेड़ घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दोनों काशीपुर निवासी अवध नारायण यादव 54 और अमित कुमार श्रीवास्तव 45 वर्ष है।

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**बलिया।** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र नारायणपुर के सामने ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षत–विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया। जानकारी के अनुसार नारायणपुर के समीप संतोष चौहान उम्र 13 अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। तभी किसी तरह वे ट्रैक के किनारे चला गया और उसी वक्त ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मिशन शक्ति अभियान से सशक्त बन रहीं गाजीपुर जनपद की महिला व बालिकाएं

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

- महिला पुलिस व एन्टी रोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, स्कूलों व कॉलेजों के बाहर की जा रही जांच
- महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं व बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक





जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सभी थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, स्कूलों/कॉलेजों व प्रमुख मार्गो आदि पर निरंतर चेकिंग की जा रही है। महिला सशक्तिकरण को दृष्टिगत रखते हुए महिलाओं/बलिकाओं को भी जागरूक किया जा रहा है। बेवजह घूमने वाले सोहदों/मनचलों पर नजर रखने के साथ ही उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी जा रही है।

बता दें कि शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर जिले में गठित एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जिले के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई। साथ ही बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं बालिकाओं, छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### आक्रोश: कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि आरोपी अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी नहीं हुई तो जारी रहेगा धरना

# राजस्व रक्षक के साथ मारपीट के विरोध में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**केटी न्यूज/बलिया**

कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार के कर्मचारी रविशंकर श्रीवास्तव के साथ अधिवक्ता द्वारा के मारपीट के विरोध में मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारियों ने शनिवार को कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मारपीट करने वाले अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी ना होने तक धरना चलता रहेगा।

कर्मचारी नेताओं ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर आरोप लगाया कि राजस्व अभिलेख रक्षक रविशंकर श्रीवास्तव शुक्रवार को अपने पटल का कार्य सम्पादित कर रहे थे। उसी दौरान अधिवक्ता कृपाशंकर यादव द्वारा उनके साथ मारपीट करते हुए प्राण घातक हमला करके लहूलुहान कर दिया गया। साथ ही शासकीय कार्य में व्यवधान डाला गया। घटना की जानकारी देते हुए रविशंकर श्रीवास्तव द्वारा कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। वहीं, अधिवक्ता कृपाशंकर यादव के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के लिए निर्णय लिया गया। कर्मचारी नेताओं ने मांग किया कि रविशंकर श्रीवास्तव की प्राथमिकी दर्ज तत्काल दर्ज की जाए। आरोपी अधिवक्ता कृपाशंकर यादव को तत्काल गिरफ्तार किया जाय। कहा कि अधिवक्ता कृपाशंकर यादव का रजिस्ट्रेशन निरस्तीकरण की कार्यवाही के लिए बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को जिलाधिकारी की अनुशंसा से पत्र प्रेषित किया जाय। कृपाशंकर यादव शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं कलेक्ट्रेट कार्यालयों में अपने साथियों के साथ भय का महौल पैदा करने के लिए उप्र गुंडा निवारण अधिनयम/गिरोहबन्द अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। राजस्व अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार एवं कलेक्ट्रेट सहित तहसीलों में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करायी जाय। इस अवसर पर सत्या सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, सुशील कुमार पांडेय कान्हजी, अखिलेश राय, विजेन्द्र सिंह, सुशील त्रिपाठी, अनिल सिंह, अवनीश चन्द्र पाण्डेय, भारत भूषण मिश्रा, विजयपाल सिंह, संजय सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, अरविंद कुमार शुक्ला, प्रो. निशा राघव, निखिलेंद्र मिश्रा, राजमंगल यादव, राजेश सिंह, संजीव चौबे सुशांत सिंह, मेराजुद्दीन, देवेन्द्र प्रसाद, नदीम अख्तर, अशोक कुमार आदि थे। अध्यक्षता कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कौशल उपाध्याय व संचालन मंत्री संजय भारती ने किया।



कार्य बहिष्कार कर धरना पर बैठे कलेक्ट्रेट कर्मचारी।

## पेशकार व रजिस्ट्रार कानूनगो पर मुकदमा करने का आदेश

**बलिया।** उप जिलाधिकारी बैरिया ने तहसीलदार के पेशकार व संबंधित रजिस्ट्रार कानूनगो पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश एसएचओ बैरिया को दिया है। यह आदेश तहसीलदार न्यायालय से गायब मुकदमों की पत्रावलियों का पता नहीं चल पाने के आरोप में दिया गया है।

बैरिया निवासी शिवकुमार वर्मा मंटन पुत्र शिवदयाल वर्मा निवासी बैरिया के मुकदमे से संबंधित छह पत्रावलियां तहसीलदार न्यायालय से गायब हो गई हैं। काफी खोजबीन पर भी पत्रावलियों का अता पता नहीं चला। पेशकार द्वारा यह कहने पर कि मैंने पत्रावली आरके को दे दी है, जबकि आरके का कहना कि पत्रावली मुझे नहीं मिली है। जिसके बाद उप जिलाधिकारी ने दोनों के खिलाफ शिव कुमार वर्मा उर्फ मंटन की शिकायती पत्र पर संबंधितों के खिलाफ बैरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है।

### क्या बोले एसडीएम

एसडीएम आत्रेय मिश्र ने बताया कि मामले में एसएचओ बैरिया को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है। विवेचना के दौरान सत्यता पता चलेगा कि पत्रावली कहां है और दोषी कौन है।

तहसीलदार न्यायालय से विभिन्न मुकदमों के लगभग एक दर्जन से अधिक पत्रावली गायब हैं। इसके चलते वादकारी परेशान हैं। अधिकारी इस प्रकरण को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। दूसरी तरफ नवागत तहसीलदार सुदर्शन कुमार ने एमजे को तलब कर पूछताछ किया है। इस बाबत तहसीलदार ने बताया कि एमजे द्वारा आरके को पत्रावली रिसीव कराने का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पत्रावली गायब होने की शिकायत प्राप्त हुई है।

## एक नजर

### नरहीं ने बिहार इलेवन को 1-0 से पराजित कर फाइनल में बनाई जगह



**नरहीं।** युवक संघ नरही के तत्वावधान में नरही खेल मैदान पर आयोजित 'जय बाबू राय बाबा फुटबॉल प्रतियोगिता' का पहला सेमीफाइनल मैच युवक संघ नरहीं व बिहार इलेवन के बीच खेला गया जिसमें नरहीं की टीम 1-0 से बिहार इलेवन को हराकर फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही। शनिवार को पहले सेमीफाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो संतोष रंजन राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुभारंभ कराया। शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच युवक संघ नरहीं बनाम बिहार एलेवेन के बीच खेला गया मैच शुरू होने के 24 वें मिनट में नरहीं के साहिल सिद्दीकी गोल करने में कामयाब रहे इसके बाद दोनों टीमें अंतिम समय तक संघर्ष करती रही लेकिन बिहार इलेवन ने कोई गोल नहीं कर सकीं इस प्रकार नरहीं की टीम 1-0 से विजयी रही। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच रविवार को भोजपुर बिहार व पखनपुरा गाजीपुर के बीच खेला जाएगा। निर्णायक की भूमिका राजू कुमार, चंद्रकांत राय एवं अंकित कुमार ने निभाई। मैच की कमेंट्री मिथिलेश राय, पियूष राय ने किया इस मौके पर ग्राम प्रधान रामनारायण पासवान,रविकांत उपाध्याय, सतीश चन्द्र राय, सुरेंद्र नाथ राय, त्रिलोक नाथ राय, अनूप राय,समीर राय बादल, हरेंद्र सिंह,, शुभनारायण राय गांधी, निशांत राय, मनीष राय, गुप्तेश्वर राय,श्रीराम राय, मोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### महाकाली मंदिर में माता का हुआ भव्य श्रृंगार

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के हाटा गांव स्थित महाकाली मंदिर पर माता का भव्य श्रृंगार एवं भंडारा संपन्न हुआ। महाकाली मंदिर परिसर में माता रानी का विधि विधान से पूजा व भव्य श्रृंगार किया गया। पंडित गया प्रसाद तिवारी की देखरेख में माता के दरबार में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार भजन कीर्तन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गायक रमेश सिंह कुशवाहा ,बंधन राम, राजेंद्र शर्मा ने माता रानी का भजन सुना कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक भंडारे का कार्यक्रम चलता रहा। इस कार्यक्रम में मंदिर के अध्यक्ष विनोद मद्धेशिया , महाकाली मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश ने सबका आभार व्यक्त किया।

### गुलाब देवी महिला महाविद्यालय में संगोष्ठी

**बलिया ।** शनिवार को पूर्वाह्न सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत गुलाब देवी महिला महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अरुण कुमार राय जी एआरटीओ द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की सहायता हेतु हाथ बढ़ाने के लिए सभी छात्राओं का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों को लगातार अपनी आदत डाले।। सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम की संयोजिका डॉ मनीषा मिश्रा द्वारा महाविद्यालय में होने वाले संपूर्ण कार्यक्रमों की रिपोर्ट संगोष्ठी के दौरान प्रस्तुत की। इसी क्रम में एआरटीओ द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की छात्राओं को शपथ दिलाई गयी। संगोष्ठी में महाविद्यालय की समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा आचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. नीरजा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रेलवे के महाप्रबंधक ने रेललाइन का किया निरीक्षण

**मऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक चन्द्रवीर रमण ने शनिवार को इंदारा दोहरीघाट के बीच चल रहे विद्युतीकृत लाइन के दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इंदारा से ट्राली द्वारा कोपागंज, घोसी व दोहरीघाट तक निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक चन्द्र वीर रमण ने बताया कि प्रगति के पथ पर अग्रसर है, लगभग 90 प्रतिशत रूट बड़ी लाइन में परिवर्तित हो गया है। शेष कार्य भी तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में इंदारा-दोहरीघाट के गेज परिवर्तन का कार्य अंतिम चरण में है जो कि मार्च माह तक पूर्ण हो जाएगा। इसके फलस्वरूप वाराणसी मंडल पूर्ण रूप से ब्रॉडगेज एवं विद्युतीकृत होने वाला पूर्वोत्तर रेलवे का पहला मंडल बन जाएगा। दोहरीघाट से इंदारा के बीच मार्च से ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। 35 किमी लंबे इस रेलखंड पर अमान परिवर्तन का काम अब अंतिम चरण में है। इससे पहले डीआरएम रामाश्रय पाण्डेय ने टिकट काउंटर, मेन गए निकासी, पार्किंग आदि का निरीक्षण किया।

### बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**बलिया।** गणतंत्र दिवस पर अहमदाबाद शहर में बम विस्फोट की धमकी देने के मामले में गुजरात पुलिस शुक्रवार को बलिया आ धमकी। मनियर थाना क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया और उसे अहमदाबाद अपने साथ लेती गई। अहमदाबाद पुलिस आयुक्त कार्यालय को 25 जनवरी को एक पत्र मिला। पत्र में गणतंत्र दिवस पर अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। पत्र में गुजरात मे नौकरी करने वाले बलिया निवासी ओमप्रकाश पासवान का मोबाइल नंबर लिखा था।

## डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शनिवार को भारी पुलिस फोर्स संग जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार में कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर का निरीक्षण कर सघन तलाशी ली गई, कारागार में लगाए गए सीसीटीवी की संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई। इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। बैरकों में बंदियों के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक चेक किया गया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाए। इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाएं।

## भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई करें: डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



शासन के निर्देश पर चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी शहर कोतवाली में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी। साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर शहर कोतवाली में 21 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्रवाई करें और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मोबाइल नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किए जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, थानाध्यक्ष कोतवाली व अन्य मौजूद थे।

### एएसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

गाजीपुर। जनपद के विभिन्न थानों में थाना दिवस का आयोजन किया गया। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना जंगीपुर और थाना दुल्ललपुर में थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। उनके निस्तारण के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिया गया।

### वेलफेयर क्लब द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम जारी

# उम्दा प्रदर्शन करनेवाले बच्चे होंगे सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



वेलफेयर क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्व. उदयनाथ विश्वकर्मा स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम पीरनगर स्थित प्रधान कार्यालय पर घोषित किया गया। इसके अनुसार कनिष्ठ वर्ग में अनुष्का यादव रामदूत इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, ख्याति सिन्हा सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल द्वितीय, जबकि श्रेया पांडे द प्रेसिडीयम इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर तथा सांत्वना पुरस्कार के लिए वैष्णवी गहलोत, आराध्या सिंह शर्मा, ईशान वर्मा, राशिका राज का चयन सांत्वना पुरस्कारों के लिए किया गया। इसी प्रकार ज्येष्ठ वर्ग में संस्कृति सिंह सेंट मेरिज कॉन्वेंट प्रथम, गंगा तिवारी सेंट मैरीज कॉन्वेंट द्वितीय, वंशिका राज रामदूत इंटरनेशनल को तृतीय तथा प्रांजल, अनुष्का सिंह, तेजस्विनी, सेंट मेरिज कॉन्वेंट को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया वरिष्ठ वर्ग मैं आकांक्षा शर्मा लूदर्स कॉन्वेंट बालिका इंटर कॉलेज प्रथम, चंद्रमणि कांत रामदूत इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय, रिया वर्मा लूदर्स कान्वेंट बालिका इंटर कालेज को तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया। जबकि सौरभ सिंह खरवार एवरग्रीन पब्लिक स्कूल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

क्लब के परीक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित प्रथम द्वितीय तथा तृतीय प्रतियोगियों को क्लब द्वारा आयोजित 26वें वेलफेयर उत्सव में शील्ड तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सांत्वना तथा प्रोत्साहन पुरस्कारों का वितरण विद्यालय के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर पीआरओ सूर्य रैख मणि, क्लब के जनपद गवर्नर पवन पांडे, संयुक्त सचिव रामनाथ कुशवाहा, अजय यादव, प्रमोद कुमार बिंद, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रिंकू यादव उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश बालक वॉलीबाल टीम के मैनेजर बने नीरज

**केटी न्यूज/नरहीं**



खेलो इंडिया यूथ गेम्स (मध्य प्रदेश) में प्रतिभाग करने वाली उत्तर प्रदेश बालक वॉलीबाल टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी जनपद के नीरज राय को दी गई है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक किया जाना है। नीरज बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत हैं तथा शिक्षा क्षेत्र सोहाव के ब्लॉक व्यायाम शिक्षक हैं तथा विकास खंड सोहाव के नरहीं के निवासी हैं। नीरज जिला वॉलीबाल एसोसिएशन की तदर्थ समिति के सदस्य हैं तथा गत वर्ष पंचकुला (हरियाणा) में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्तर प्रदेश बालिका वॉलीबाल टीम के सहायक प्रशिक्षक की भूमिका निभा चुके हैं। उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव सुनील कुमार तिवारी ने नीरज राय को मैनेजर नामित किए जाने की सूचना दी।